Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding law and order situation in Rajsthan.

श्री बालक नाथ (अलवर): सभापति महोदय, मैं इस सदन और देश का ध्यान राजस्थान की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । राजस्थान में कांग्रेस सरकार के तीन साल के कार्यकाल में वह आज अपराध के स्तर पर पूरे देश में नंबर वन बना है । विकास में आज राजस्थान पिछड़ता जा रहा है । मैं आप सबका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि अभी कुछ दिन पहले, 11 जनवरी को राजस्थान के अलवर जिले में एक मूक-बधिर बच्ची के साथ बलात्कार हुआ । बच्ची का बलात्कार कर के अपराधी उसको पुल के ऊपर छोड़ कर चले गए । उस बच्ची को राजस्थान सरकार आज तक न्याय नहीं दिला पाई है । राजस्थान सरकार की एक बहुत बड़ी नेत्री उस समय राजस्थान में, अपने जन्मदिन की पार्टी मना रही थी और जो देश के अंदर यह नारा लगा कर घूमते हैं कि मैं लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ । केवल उसकी छवि को बचाने के लिए राजस्थान सरकार ने उस मूक-बधिर बच्ची, जो बोल नहीं सकती, सुन नहीं सकती, उस बच्ची के साथ अन्याय करने का काम किया है । इस राजस्थान सरकार ने सभी सबूतों को नष्ट किया और अपनी साख बचाने के लिए जांच सीबीआई को सौंपने का काम किया है । राजस्थान सरकार उस बच्ची को न्याय नहीं दिला पाई । बूकसेड़ा गांव, जो बांगसूर में पड़ता है, एक महिला 22 दिनों से लापता थी । राजस्थान सरकार की पुलिस उस महिला को ढूंढ नहीं पाई । वह महिला जंगल में मिली, उसके हाथ-पैर कटे हुए मिले और न जाने क्या-क्या अनियमित्ताएं उस महिला के साथ बरती गई हैं । आज जिस प्रकार से राजस्थान में अपराध बढ़ रहा है, मैं आपके माध्यम से पूरे देश और इस सदन में कहना चाहता हूँ । …(व्यवधान) सर, केवल एक मिनट में अपनी बात खत्म कर रहा हूँ । मैं आप सबको कहना चाहता हूँ कि जो राजस्थान सरकार जनता की रक्षा और सुरक्षा नहीं कर सकती है उसको बर्खास्त किया जाए । … (व्यवधान) सभापति महोदय, मैं एक छोटी सी बात और कहना चाहता हूँ । मैं कहना चाहता हूँ कि जिस प्रकार से राजस्थान विकास के पथ पर

अग्रसर था, पिछले तीन साल के शासन में इस राजस्थान सरकार ने ... (व्यवधान)